4 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 5/4/2025 9:39 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 5 मई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 बैकुंठपुर-चिरमिरी मार्ग पर जाम से राहत नहीं



## खबर संक्षेप

### उन्मुखीकरण कार्यशाला सह स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आज

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ठोस व प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन कार्य का क्रियान्वयन जिले के सभी ग्राम पंचायत/ग्रामों में प्राथमिकता पूर्वक किया जाना है। जिसके अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण, परिवहन, सेग्रीगेशन शेड में कचरे का पृथक्कीकरण सह उचित निपटान, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध तथा शतप्रतिशत यूजर्स चार्ज कलेक्शन हेतु चिन्हांकित मॉडल ग्राम पंचायतों के नवीन निर्वाचित सरपंच व सचिवों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह स्वच्छता संवाद कार्यक्रम 5 मई को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिसमें समस्त नवीन निर्वाचित सरपंच व सचिव ग्राम पंचायत शामिल होंगे। उन्होंने समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अपने जनपद परिक्षेत्र के सरपंच व सचिव ग्राम पंचायतों को निर्धारित तिथि व समय पर बीएसओ सहित उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया है।

### युवक पर सब्बल से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** ग्रामीण पर लोहे के सब्बल से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चौकी अंतर्गत ग्राम परसडीहा निवासी जयप्रकाश पटेल ने चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 अप्रैल की सुबह 7 से 8 बजे के बीच किसी काम से घर से निकला था। इस दौरान गांव के सुमंत मिश्र ने उसका रास्ता रोक लिया और उसकी बाइक को गिराने के साथ ही अपने हाथ में रखे सब्बल से उसपर हत्या करने की नियत से हमला किया। इस हमले में युवक के दोनों हाथ, घुटने में चोट आई है। जब गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस द्वारा परसडीहा निवासी सुमंत मिश्र को ग्राम मोरन से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 155(2), 296, 126(2) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### मजदूरी मांगने पर ग्रामीण से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** मजदूरी का पैसा मांगने पर ग्रामीण पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। शंकरगढ़ पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम परेवां निवासी जुलाई पहाड़ी कोरवा आ. स्व. लटी पहाड़ी कोरवा द्वारा मजदूरी का पैसा मांगने पर छविलाल यादव द्वारा गाली गलौज करने के साथ ही कुल्हाड़ी के डंडे से मारपीट की गई। शिकायत की जांच के बाद पुलिस द्वारा मामले में आरोपी परेंवां निवासी 55 वर्षीय छविलाल यादव आ. चंद्रमन यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 296, 351(2), 131 व एससी-एसटी एक्ट की धारा 3 (2) वी (क) के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सरगुजा में पिछड़ा वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 2019 से पहले के जिले में 3 .50 लाख से अधिक वाहन, अब तक अधिकतम एक हजार में में लगा एचएसआरपी

वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने का अभियान सरगुजा में पिछड़ता हुआ नजर आ रहा है। जिले में अब तक साढ़े तीन लाख वाहनों में से एक हजार वाहनों में के ही हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाए जा सके है। ऐसे में जरूरी है कि इस दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए और लोगों को इस नम्बर प्लेट की खासियत से अवगत कराया जाए तभी जाकर इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

बता दें कि अब भारत में एचएसआरपी यानी के हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट को अनिवार्य कर दिया गया है। यह एक खास तरह का एल्युमिनियम से बना प्लेट होता है जिसे वाहन पर स्नैप ऑन लॉक्स से वाहन पर लगाया जाता है। अब सभी वाहनों में इसी नम्बर प्लेट का उपयोग हो रहा है लेकिन 2019 के पहले के वाहनों में ये नम्बर प्लेट नहीं लगे थे। ऐसे में शासन द्वारा 2019 के पहले के सभी वाहनों पर इस नम्बर प्लेट को लगाने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में यदि सरगुजा जिले की बात की जाए तो यहां परिवहन विभाग में लगभग 3 लाख 50 हजार वाहन पंजीकृत है। इन वहानों पर 30 अप्रैल तक एचएसआरपी लगाने का निर्देश दिया गया था और इसके बाद वाहन मालिकों पर जुर्माना लगाने के भी निर्देश थे लेकिन बड़ी बात यह है कि सरगुजा जिला इस अभियान में फिसड्डी साबित हो रहा है। अब तक जिले में 3.50 लाख में से लगभग 2 हजार लोगों ने ही आवेदन किया और इसमें से 1 हजार लोगों ने ही अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाया है। ऐसे में जरूरी है कि इन वाहनों में एसएचआरपी लगाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही शिविर लगाया जाए क्यों अब तक ज्यादातर लोगों को इस नियम के बारे में जानकारी ही नहीं है।



### क्या है एसएचआरपी

एचएसआरपी यानी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाहनों में सुरक्षा मानकों के उन्नयन के लिए लगाए जा रहे है। ये एल्युमिनियम के प्लेट है जो वन टाइम फिक्सेशन के साथ आते है। इन प्लेट को आसानी से बदला नहीं जा सकता है। इसमें एक यूनीक लेजर कोड और होलोग्राम होता है तो वाहनों की पहचान को सत्यापित करता है। बड़ी बात यह है कि सरगुजा में आए दिन वाहनों के चोरियों के मामले सामने आते है और चोर नम्बर प्लेट बदलकर या हटाकर वाहनों का उपयोग करते है या उन्हें बेच देते है लेकिन एचएसआरपी लगने के बाद वाहनों के ट्रेकिंग में मदद मिल सकेगी इसके साथ ही लोगों के वाहनों को सुरक्षा भी मिलेगी। होलोग्राम और यूनीक लेजर कोड के कारण यह पता चलता है कि यह वाहन बैध है या नहीं।

## नीट की परीक्षा में शामिल हुए 4252 अभ्यर्थी, 174 रहे अनुपस्थित

# तीन चरणों की कड़ी जांच प्रक्रिया से गुजरकर परीक्षा कक्ष में पहुंचे अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई परीक्षा

रविवार को मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीटों पर प्रवेश के लिए हेत नीट की परीक्षा आयोजित की गई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा इस परीक्षा का आयोजन किया गया। सरगुजा में भी कुल 11 केंद्रों में तीन चरणों की सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा का संचालन किया गया। इस दौरान केन्द्रों में बायोमेट्रिक थम, मेटल डिटेक्टर सहित जैमर जैसी व्यवस्थाएं की गई थी जबकि केन्द्रों के अन्दर और बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। नीट की परीक्षा को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सरगुजा में आयोजित परीक्षा में संभाग के 4252 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 174 अनुपस्थित रहे।

बता दें कि रविवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा सरगुजा संभाग में नीट की परीक्षा का आयोजन किया गया। मेडिकल की सीटों पर प्रवेश के लिए आयोजित इस परीक्षा को लेकर प्रतिवर्ष सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे है। इस बार भी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के नए मापदंड नजर आए। नीट की परीक्षा शहर के कुल 11 केंद्रों में दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित की गई थी। परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश पत्र में अलग अलग समय उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। केन्द्रों में रोल नम्बर वार परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से ही बुलाया गया था। केंद्र में पहुंचे पर अभ्यर्थी को कुल तीन चरणों की सुरक्षा व्यवस्था से गुजरना पड़ा। सबसे पहले केंद्र में पहुंचने पर आईडी और प्रवेश पत्र देखने के बाद उन्हें परिसर में प्रवेश दिया गया। इसके बाद मेटल डिटेक्टर से उनकी जांच की गई और जांच के बाद बायोमेट्रिक सिस्टम के माध्यम से उनकी उपस्थिति दर्ज की गई। बायोमेट्रिक थम की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद एडमिट कार्ड में होलोग्राम चिपकाया गया और उसके बाद अंतिम चरण में पंजीयन काउंटर में पंजीयन के बाद उन्हें कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा शहर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, राजमोहिनी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज, राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कन्या शिक्षा परिसर, सैनिक स्कूल, गवर्नमेंट नगर पालिका निगम स्कूल, राजमोहिनी देवी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ख़लिबा में आयोजित की गई थी। नीट की परीक्षा के लिए संभाग के कुल 4426 अभ्यर्थी पंजीकृत थे जिसमें से 4252 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 174 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चली परीक्षा को लेकर युवाओं में ख़ासा उत्साह देखने को मिला।



परीक्षा केन्द्र के बाहर अभिभाविकों की भीड़।

### पेन तक साथ लाने की अनुमति नहीं

नीट की परीक्षा में नकल प्रकरण को रोकने के लिए कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। परीक्षा शुरू होने के पहले परीक्षा केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रश्न पत्र लाए गए। इसके साथ ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश के लिए युवकों को हाफ शर्ट के साथ फार्मल कपड़े में आने को कहा गया था और जूते, मोजे पर प्रतिबंद था। वहीं युवतियों के लिए कान, नाक गले, में जेवर, बाल में जुड़ा या चोटी प्रतिबंधित था। परीक्षर्थियों को केंद्र में अपना पेन तक लाने की इजाजत नहीं थी जबकि पानी का पारदर्शी बोतल लाने को कहा गया था। नकल पर रोक लगाने के लिए सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर प्रतिबंध था और केन्द्रों में जैमर लगाए गए थे। केंद्र के अन्दर और बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।



## घर में काम करने वाले नौकर ने 5 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सूरजपुर जिले की घटना, आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर जिले से एक चौकाने वाली घटना सामने आई है जिसमे घर में रहकर नौकर का काम करने वाले युवक ने पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना भटगांव थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। घटना के बाद बच्ची के परिजन ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि उदयपुर अंतर्गत ग्राम रिखी निवासी 35 वर्षीय रामकुमार आयाम भटगांव थाना क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार के घर नौकर का काम करता था। आरोपी युवक 5 साल की मासूम बच्ची को खेलते हुए घर के दूसरे कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी घर से फरार हो गया था। इधर घटना के बाद रोती बिलखती बच्ची से उसकी मां ने पूछताछ की तो उसने घटना की जानकारी दी जिसके बाद परिजन के होश उड़ गए। परिजन द्वारा घटना की शिकायत भटगांव पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 65(2) और पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी की तलाश की जा रही थी। थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने बताया कि घटना के मामले में फरार आरोपी राम कुमार आयाम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है।

## प्रतापपुर विधायक के देवर की मौत, ट्रैक्टर पलटने से हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- ट्रैक्टर के नीचे दबकर तोडा दम, क्षेत्र में शोक का माहौल

रविवार को हादसे में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह पोर्ते के देवर की मौत हो गई। विधायक के देवर सुबह अपने खेत की ओर जा रहे थे इस दौरान टायर के नीचे पत्थर आने से ट्रैक्टर उछलकर पलट गया और इस घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबकर ग्रामीण की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इधर विधायक के देवर के निधन की घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना के बाद गृहग्राम में उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें विधायक समेत भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल हुए।



बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर थाना अंतर्गत गाम मुड़यि निवासी विजय बहादुर सिंह प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह पोर्ते के देवर थे। विजय बहादुर सिंह रविवार की सुबह 8 से 9 बजे के बीच अपना ट्रैक्टर लेकर खेती के काम के लिए खेत की ओर जा रहे थे। इस दौरान अचानक ही एक बड़ा पत्थर उन्हें ट्रैक्टर के नीचे आ गया और विजय बहादुर सिंह उछलकर नीचे गिर गये इसके साथ ही ट्रैक्टर भी अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान विधायक के देवर ट्रैक्टर के नीचे दब गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजन द्वारा उन्हें अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विधायक के देवर के मौत की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया और बड़ी संख्या में विधायक के समर्थक और परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि विजय बहादुर सिंह न केवल विधायक के पारिवारिक सदस्य थे बल्कि समाज में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे थे। उनकी सरलता और मिलनसार स्वभाव के चलते क्षेत्र में उन्हें काफी लोग जानते और सम्मान करते थे। उनके आकस्मिक निधन से राजनीतिक और सामाजिक जगत में भी शोक व्याप्त है। विजय बहादुर सिंह की मौत के बाद उनके गृह ग्राम मुड़यि में ही उनका अंतिम संस्कार दोपहर में किया गया। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह पोर्ते समेत भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए।




## शिकायत के बाद जमीन वापस मिली लेकिन दबंग शिक्षक पर नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार, शिक्षक ने कोरवा ग्रामीणों की जमीन पर बेचा लाखों का धान

शिकायत के बाद कोरवा ग्रामीण के जमीन को भूमाफिया के कब्जे से मुक्त कराकर वापस तो दिला दिया गया लेकिन अब तक इस मामले में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। सबसे बड़ी बात तो यह है कि भूमाफिया द्वारा कोरवा ग्रामीणों के संयुक्त खाते की भूमि पर लाखों रूपए का धान बेचा गया जिससे ग्रामीणों को ख़ासा नुकसान उठाना पड़ा। मानसिक और आर्थिक क्षति पाने वाले ग्रामीण अब न्याय की गुहार लगा रहे है लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।



बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम खैराडीह निवासी शिवबरत आ. लखन साय कोरवा, रामब्रत आ. लखनसाय कोरवा, बनेश्वर आ. हरिहर कोरवा व कालेश्वर आ. बाबुराम कोरवा ने बताया कि उन्हें संयुक्त खाते की भूमि ग्राम खैराडीह में कुल खसरा नम्बर 22, कुल रकबा 10.464 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। ग्रामीणों का कहना है कि पेशे शे शिक्षक ग्राम बचवार निवासी बिहारी लाल आ. धीदु उरांव द्वारा उनकी भूमि में से खसरा नम्बर 137, 231/2, 236, 284, 286, 309/1, 317/2, 329/2, 347/1, 356, 356/2, 368, 452 रकबा कमशः 0.344, 0.143, 0.219 0.486, 0.348, 0.308 0.486 0.134 0.051, 0.372 0.141, 0.648 0.632 कुल खनं 13 कुल रकबा 4.312 हेक्टेयर भूमि को अवैध तरीके से अपने नाम पर दर्ज करा लिया था। इस मामले की शिकायत जब उन्होंने कलेक्टर से की तो मामले में जांच के बाद उक्त जमीन को यह कहकर वापस कर दिया गया कि त्रुटिवश जमीन शिक्षक के नाम पर दर्ज हो गई थी जबकि इस मामले में शिक्षक के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई होनी चाहिए थी। इसके साथ ही इन वर्षों में दबंग शिक्षक द्वारा अपने नाम से सोसायटी में लाखों रूपए का धान बेचा गया जिसपर उन ग्रामीणों का हक था। इसके साथ ही शिक्षक द्वारा भोले भाले कोरवा ग्रामीणों पर लगातार दबाव बनाया गया और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया जिसे तंग आकर कोरवा ग्रामीण धनेश्वर आ. बाबुराम ने आत्म हत्या आकर ली थी। ग्रामीण द्वारा आत्म हत्या किए जाने के बाद भी शिक्षक द्वारा ग्रामीणों पर दबाव बनाया गया। ऐसे में ग्रामीणों ने मांग की है कि इन वर्षों में शिक्षक द्वारा उनकी जमीन पर जितनी राशि की धान बेचीं गई उसकी जांच कर राशि ग्रामीणों को वापस दिलाई जाए इसके साथ ही उसके खिलाफ धोखाधड़ी और आत्म हत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

4-Ambikapur-pg-2_Layout 1 5/4/2025 9:42 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री से मिले जिलाध्यक्ष तिवारी




**बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने सीएम हाउस में सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने कोरिया जिले के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिले में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने, औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, बैकुण्ठपुर शहर में सड़क चौड़ीकरण, स्टेडियम निर्माण, तथा हवाई पट्टी निर्माण जैसे विषयों पर सरकार से आवश्यक पहल का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला अध्यक्ष की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सरकार जिले के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उपरोक्त प्रस्तावों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### नवीन कॉलेज में छात्र संघ की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 29 अप्रैल को पूरा छात्र संघ के बैनर तले एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महाविद्यालय से पूर्व में अध्ययन कर चुकी छात्राएं और वर्तमान में अध्ययनरत छात्राएं काफी संख्या में शामिल हुरइं। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुभव साझा करना, कैरियर गाइडेंस प्रदान करना तथा महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण पर चर्चा करना रहा। प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में उन्होंने पूर्व छात्राओं से संवाद किया और उनके कार्यक्षेत्र एवं अनुभवों की जानकारी ली। डॉ. कच्छप ने छात्राओं को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। बैठक को श्रीमती कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे एवं वरूण कुमार कुशवाहा ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान ऋचा श्रीवास्तव, साधना सिंह, दुर्गा राजवाड़े, वर्षा सिंह, सुर्दशना, सुरूचि साहू, कविता राजवाड़े, आरती सहित कई पूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और वर्तमान छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। पूर्व छात्राओं द्वारा नियमित रूप से उपस्थित 202 छात्राओं के लिए एक कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। इसमें बैंकिंग, पीएससी, व्यापम सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित जानकारियां साझा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, बिक्की राम, सुमित मिश्रा, श्रीमती सविता पैकरा, मो. अमजद, विनय कुमार गुप्ता, विजय कुमार, कुलदीप सिंह, अनिल देव, कुमारी नासमा बेगम, कुमारी गंगीता पैकरा, विपिन सिंह, श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय, तेजीलाल कुजूर, भागवत प्रसाद साहू, सत्येन्द्र पैकरा, बिनयामिन लकड़ा, श्रीमती अनिता सहित महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

साप्ताहिक बाजार के दिन बिगड़ जाती है स्थिति

# बैकुंठपुर-चिरमिरी मार्ग पर जाम से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने की दिशा में पुलिस ने प्रभावी कदम उठाते हुए शहर क्षेत्र में सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है, इस दौरान बडे वाहनों में सिर्फ यात्री बसें ही शहर क्षेत्र में प्रवेश करती है।

पुलिस की इस निर्णय के बाद शहर क्षेत्र में पूर्व की जैसी जाम की स्थिति चौक-चौराहों व अन्य जगहों पर नहीं लगती है। पहले चिरमिरी चौक पर बडे वाहनों के दिन में आवाजाही के कारण कई बार जाम की स्थिति बनती रहती थी, लेकिन अब काफी हद तक जाम से राहत मिल गई है, वहीं नगर पालिका कार्यालय के पास मुख्य मार्ग पर संचालित होने वाली अस्थाई दुकानों को हटाए जाने के बाद उस स्थल पर भी अब जाम की स्थिति से निजात मिल गई है, लेकिन इस दौरान कई जगहों पर यात्री वाहनों के द्वारा जहां मर्जी वहां गाड़ी रोककर सवारी उतारने-चढ़ाने का कार्य किया जाता है, इससे भी यातायात प्रभावित होता है। इस दिशा में भी ध्यान दिया जाना चाहिए।




डबरीपारा के समीप जाम चिरमिरी मार्ग।

**महलपारा मार्ग पर जाम की स्थिति:** शहर के चिरमिरी चौक से महलपारा की ओर की सड़क में अक्सर जगह-जगह जाम की स्थिति निर्मित होती है। वर्तमान में शहर की यही मार्ग है,जहां शाम ढलने के बाद जाम की स्थिति कई जगहों पर बनती है, इसका कारण यह है कि कई लोगों के द्वारा सड़क किनारे खरीदी करने दुकान जाते हैं तो सड़क किनारे ही अपनी चार पहिया वाहनों को पार्क कर देते हैं, इससे सड़क पर जाम की स्थिति प्रतिदिन शाम-ढलने के बाद बनती रहती है। इस दिशा में यातयात पुलिस को इस मार्ग में चिरमिरी चौक से कुछ दूरी तक विशेष रूप से यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ध्यान देने की जरूरत है।

### बाजार दिवस को स्थिति और खराब

शहर के चिरमिरी चौक से महलपारा मार्ग पर कुछ दूरी तक गुरूवार एवं रविवार साप्ताहिक बाजार दिवस को दिन में दोपहर से लेकर शाम ढलने के बाद तक जाम की स्थिति कई बार बनती रहती है। बाजार दिवस के दिन चिरमिरी चौक से भवानी तिगड्डा के आगे तक दिन दोपहर के साथ शाम ढलने के बाद तक कई बार इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती रहती है। कारण वहीं है कि कई लोग अपनी चार पहिया वाहन सड़क किनारे खड़ी कर देते हैं, इससे यात्री बसों के आवागमन के दौरान जगह-जगह जाम लग जाता है, इससे इस मार्ग पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मनमर्जी पार्किंग पर हो कार्रवाई

शहर के चिरमिरी चौक से आगे कुछ दूरी तक मार्ग पर मनमर्जी सड़क किनारे वाहनों के पार्किंग पर प्रतिबंध लगाए जाने की जरूरत है,यदि कोई वाहन मालिक सड़क किनारे अपने वाहन पार्क करता है तो इस पर लगातार कार्रवाई शुरू हो तो महलपारा मार्ग पर अक्सर जाम लगने की समस्या दूर हो जाएगी। इस दिशा में यातायात पुलिस को सजग होकर कार्रवाई करने की जरूरत है।

# दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश, गिरे ओले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में बीते 4-5 दिनों से दोपहर बाद मौसम का अचानक करवट बदलना आम हो गया है। 4 मई को सुबह से जहां उमस भरी गर्मी बनी रही, वहीं दोपहर करीब 2 बजे के बाद मौसम अचानक बदला और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। थोड़ी देर बाद हल्की ओलावृष्टि ने भी दस्तक दी, जिससे क्षेत्र का पूरा मौसम भीग उठा।

■ मांगलिक कार्यों पर मौसम का साया

बारिश और ओलावृष्टि से जहां एक ओर गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर लगातार दोपहर बाद मौसम के बदलते मिजाज से आमजन परेशान हो रहे हैं। विशेषकर उन परिवारों की चिंता बढ़ गई है जिनके यहां इन दिनों मांगलिक कार्य जैसे शादी-विवाह आदि आयोजित हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के कारण पंडाल, सजावट और भोजन आदि की व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे संबंधित परिवारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि गर्मी के सीजन में विवाह कार्यक्रमों की अधिकता रहती है, ऐसे में हर रोज दोपहर बाद मौसम का बिगड़ना चिंता का विषय बन गया है। वहीं, कृषि से जुड़े कुछ लोगों ने भी ओलावृष्टि को लेकर फसल प्रभावित होने की आशंका जताई है।



बारिश के साथ गिरे ओले।

# छठ घाट जाने वाले रास्ते पर हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

**पुलिया की मरम्मत की मांग की**





रविवार को छठ घाट की ओर जा रहे रास्ते पर स्थित पुलिया पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। नगर पालिका का एक ट्रैक्टर पानी का टैंकर लेकर घाट की ओर जा रहा था, तभी वह अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा। हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को तत्काल क्षेत्रीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर तेज गति में था और पुलिया की स्थिति भी जर्जर बताई जा रही है। हालांकि हादसे के वास्तविक कारण की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से पुलिया की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह रास्ता छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत उपयोगी है, ऐसे में उसकी मरम्मत व सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में इससे भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।

■ ट्रैक्टर पुलिया से गिरा, चालक घायल

### 250 हेलमेट का निःशुल्क वितरण

**बैकुंठपुर।** गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात सुरक्षा को लेकर कोरिया पुलिस द्वारा पटना थाना परिसर में एक बृहद स्तर का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आम नागरिकों को निःशुल्क 250 हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे (भा.पु.से.) ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें हेलमेट नहीं पहनने के कारण होती हैं।

### ग्राहकों को मिल रहा गुड़ के साथ पेयजल...




**बैकुंठपुर।** मुख्यमार्ग तलवापारा स्थित चौदहा फ्यूल सेंटर में संचालक की पहल से अपने ग्राहकों के लिए गुड़ व मटके की ठण्डा पानी की व्यवस्था की गई है ताकि ग्राहक पेट्रोल भरवाने के साथ अपनी प्यास भी बुझा सके। ऐसा कम ही सुविधा पेट्रोल पंप में देखने को मिलती है।

## गूंजा संविधान बचाओ का स्वर

**पटना।** जिले के नगर पंचायत पटना में शनिवार को संविधान बचाओ रैली का भव्य आयोजन हुआ, जो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 40 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। इस जिला स्तरीय रैली का मुख्य उद्देश्य देशवासियों को संविधान की महत्ता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग करना रहा। रैली की शुरूआत नगर पंचायत कार्यालय से हुई, जो उत्साह और जनसमर्थन के साथ मस्जिद चौक तक पहुंची। समापन स्थल पर आयोजित आमसभा में कांग्रेस पदाधिकारियों ने संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और नागरिक अधिकारों को लेकर जोरदार वक्तव्य दिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा संविधान बचाओ अभियान न केवल संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास है, बल्कि तानाशाही प्रवृत्तियों के खिलाफ जनता की आवाज भी है।

# एकतानगर कॉलोनी में बंद मकान में चोरी

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के खोंगापानी एकता नगर कॉलोनी स्थित एक मकान में अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए जेवर और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह वारदात उस वक्त सामने आई जब पड़ोसी ने मकान का ताला टूटा देखकर मकान मालिक को सूचना दी। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 60,000 रूपए ऑकी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एकतानगर कॉलोनी निवासी कुमारी खुशबू भारती अपने माता-पिता सहित जबलपुर गई हुई थीं। जाने से पहले उन्होंने अपने घर में ताला लगाकर आस-पड़ोस के लोगों को देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी थी। 1 मई की सुबह करीब 11 बजे पड़ोस में रहने वाली मीना देवी ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और घर में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही खुशबू भारती ने अपने माता-पिता को भी इस बारे में अवगत कराया और 2 मई को खोंगापानी पहुंचीं। घर पहुंचकर देखा गया कि बेडरूम की अलमारी का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी से एक जोड़ी चांदी का पायजब, एक सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, बिछिया, तीन सोने की नाक की फूल्ली और एक गोल्डन रंग की एचएमटी कलाई घड़ी गायब मिली। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 60,000 रूपए बताई गई है। चोरी की वारदात 30 अप्रैल से 1 मई के बीच की रात को अंजाम दी गई। पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजन के लौटने के बाद अन्य चोरी गए सामान की सूची और नुकसान का मूल्यांकन किया जाएगा।

■ जेवर समेत 60 हजार का सामान पार

### तेज रफ्तार आर्टिगा ने ली जान

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के विगत दिनों सरभोका में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 45 वर्षीय संतोष पिता जगनू की इलाज के दौरान मौत हो गई। अब इस मामले में थाना पोड़ी में अज्ञात आर्टिगा चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संतोष स्कूटी क्रमांक सीजी 16 सीजे 8194 से नागपुर से पोड़ी की ओर जा रहा था, इसी दौरान केबी नर्सिंग कॉलेज के सामने एक तेज रफ्तार आर्टिगा ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल पोड़ी अस्पताल ले जाया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए डीकेएस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 13/25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू की थी। पीएम रिपोर्ट, चश्मदीद गवाह और परिजनों के बयान के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि घटना चालक की तेज और लापरवाह ड्राइविंग के कारण हुई, इसके आधार पर अब आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के अंतर्गत एफआईआर बीते 1 मई को थाना पोड़ी में दर्ज की गई है।


तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर, स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक – 11 मई, 2025
दिन – रविवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ.दीपक अग्रवाल
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग सम्बंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज।
दिनाँक - 11 मई, 2025
दिन - रविवार सुबह 11 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 21 मई 2025 दिन - बुधवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

AFFILIATED TO CBSE BOARD NEW DELHI
UNIQUE CONVENT
HIGHER SECONDARY SCHOOL
Nursery to K.G & Class 1st to 12th
Commerce, Maths Bio & Agriculture
English Medium Co-Eduction
ADMISSION OPEN CBSE BOARD
BOARDING / HOSTEL AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS (BEST RESIDENCE IN SURGUJA)
विशेषताएं (Ecatures)
-बच्चों के संपूर्ण विकास एवं उज्जवल
-भविष्य के लिए सदैव तत्पर
-AT.L. LAB की सुविधा
-कम्प्यूटर कोडिंग क्लास (1st -10th)
-प्रयोगशाला
-पुस्तकालय की समुचित व्यवस्था
Contact Us
Chandani Chowk, Khairbar Road
Ambikapur (C.G.), Mo. 8223020720, 6263495007

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 10 मई, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331, 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली
पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, वी.एम.एम.सी व सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
रविवार, 27 अप्रैल 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
• पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
• झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
• Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
• जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
• लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
• Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 04 मई 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 04 मई 2025, रविवार
समय - दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक
पुरानी रिपोर्ट अवश्य लावें गायत्री हॉस्पिटल
पीजी कॉलेज मैदान के सामने बनारस रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9752542415, 8120809000, 9424250281

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
• गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
• बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
• मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
• मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
• स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
• बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

4 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 5/4/2025 9:34 PM Page 1



# सुशासन तिहार में मिले 1.63 लाख आवेदनों में से 1.38 लाख का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुशासन तिहार के तहत तीसरे और अंतिम चरण की शुरुआत सोमवार से होने जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा दिए गए मांग व शिकायती आवेदनों का निराकरण करने के साथ ही शिविर लगाकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी प्रदान की जाएगी। खास बात यह है कि इनमें से किसी एक शिविर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। वहीं सरगुजा जिले की बात की जाए तो जिले में कुल 1 लाख 63 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 1 लाख 38 हजार आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है और अब समाधान शिविर लगाकर इसकी जानकारी प्रदान की जाएगी। जिले में 5 से 31 मई तक नगरीय क्षेत्र में कुल 25 व ग्रामीण क्षेत्र में 32 समाधान शिविर लगाए जाएंगे।

- आज से शुरू होगा अंतिम चरण, लगाए जाएंगे समाधान शिविर, सीएम भी एक शिविर में होंगे शामिल

बता दें कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। सुशासन तिहार के तहत 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिए गए। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था ग्राम पंचायतों के साथ-साथ जिला और विकासखंड मुख्यालय स्तर पर भी की गई थी। जिले के 39 हाट बाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया। सरगुजा जिले में 3 मई की स्थिति में कुल 1 लाख 63 हजार 803 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें कुल मांग 1 लाख 61 हजार 16 एवं कुल शिकायत के 2 हजार 787 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अभी तक की स्थिति में 1 लाख 36 हजार 847 मांग एवं 1 हजार 511 शिकायत निराकृत हुए हैं इस प्रकार कुल 1 लाख 38 हजार 358 आवेदन निराकृत किए गए है। द्वितीय चरण में 12 अप्रैल से 4 मई तक इन आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर सम्बन्धित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके निराकरण की कार्यवाही की गई। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया गया है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर भी की जा रही है। वहीं अब तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरुआत 5 मई से हो रही है जो 31 मई तक चलेगा। इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 57 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 32, नगर निगम अंबिकापुर में 23, तथा नगर पंचायत सीतापुर में 1 एवं नगर पंचायत लखनपुर में 1 शिविर आयोजित किये जाएंगे।

### कहां कितने आवेदन

बताया जा रहा है कि सुशासन तिहार में सबसे अधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सर्वाधिक 99,039 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 85,730 का त्वरित निराकरण किया गया। जिसमें स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा जैसे जनहितकारी योजनाएं शामिल है। राजस्व विभाग को 12,955 आवेदन मिले, जिनमें से 8,921 का निराकरण हुआ। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में अपेक्षाकृत कम 7,697 आवेदन प्राप्त हुए लेकिन उसमें 7,641 मामलों का निराकरण हुआ। शिक्षा विभाग ने 6,863 में से 6,538 आवेदनों का निराकरण किया। खाद्य विभाग में 6,591 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 5,843 मामलों का निराकरण हुआ,वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग को 6,341 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 5,290 का समाधान किया गया। नगरीय क्षेत्र में 6369 में से 5,234 मामलों का निपटारा किया गया। पशु चिकित्सा विभाग में 2,428 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 2,415 मामलों का निराकरण हुआ, ऊर्जा विभाग को 5,317 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 2200 प्रकरण का निराकरण हुआ। डेयरी विकास परियोजना में 1,975 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1,935 समाधान किया गया। श्रम विभाग में 1,627 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1,412 आवेदन का निराकरण हुआ। कृषि विभाग में 1,227 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 982 प्रकरण का समाधान हुआ। वन विभाग को 2,125 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 980 का निराकरण हुए। सिंचाई विभाग में 385 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 371 का निराकरण हुआ। मत्स्य पालन विभाग को 316 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 242 आवेदन का निराकरण हुआ। उद्यानिकी विभाग में 274 आवेदन प्राप्त हुए, इसमें 223 मामलों का त्वरित निराकरण हुआ। आदिवासी विकास विभाग में 203 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 190 मामलों का निराकरण हुआ। स्वास्थ्य विभाग को 388 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 178 प्रकरण का निराकरण हुआ। और लोक निर्माण विभाग को 292 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 153 मामलों का त्वरित निराकरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### रॉबिंस खलखो होंगे बिश्रामपुर के नए स्टाफ ऑफिसर सिविल

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल मुख्यालय से जारी आदेश में सिविल विभाग के तीन अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है।जारी आदेश में ईसीएल से प्रमोशन पाकर एसईसीएल पहुंचे रॉबिंस खलखो सीनियर मैनेजर सिविल ई सिक्स को बिश्रामपुर क्षेत्र का नया स्टॉफ ऑफिसर सिविल नियुक्त किया गया है।इसी प्रकार डब्ल्यूसीएल से स्थानांतरित होकर आए सीनियर मैनेजर सिविल नितिन नायक को भटगांव क्षेत्र का नया स्टॉफ ऑफिसर सिविल नियुक्त किया गया है। डब्लूसीएल से ही आए द्वारकेश पालीवाल को पुराने आदेश में संशोधित कर उन्हें भटगाँव से सोहागपुर क्षेत्र पदस्थ किया गया है।

### बलरामपुर जिले से बनारस बस सेवा प्रारंभ



**रामानुजगंज।** लंबे समय के बाद जिले से बस सेवा बनारस के लिए प्रारंभ हुई जिसे नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होने कहा कि बनारस बस सेवा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जाती थी जो अब पूरी हुई निश्चित रूप से इसका लाभ पूरे क्षेत्र वासियों को मिलेगा। बस संचालक सत्यानंद पांडे ने बताया कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले के कुसमी से बस बनारस के लिए प्रतिदिन रामानुजगंज होकर जाएगी। कुसमी में बस छोड़ने का समय शाम को 6 बजे है जो बलरामपुर होते रामानुजगंज में 9 बजे पहुंचेगी वहीं बनारस में बस 4 बजे सुबह पहुंचेगी वहीं बनारस से शाम को 8.30 में चलकर रामानुजगंज सुबह 4 बजे और कुसमी 6 बजे पहुंचेगी। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

### युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**राजपुर।** युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। डवरा चौकी पुलिस के अनुसार युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जगसाय उसे 28 से 30 अप्रैल तक अपने घर में जबरन बंद कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। युवती की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर मामले की जांच करने के साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस द्वारा डवरा निवासी 25 वर्षीय जगसाय आ. मनराज को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 64(2(एम), 127, 351(3) के तहत गिरफ्तार किया गया।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**बलरामपुर।** युवती को शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक दुष्कर्म करने और फिर शादी करने से इनकार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। चांदो पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन वर्ष पूर्व युवती की पहचान कादिर अंसारी से हुई थी। इस दौरान युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म किया और अब जब उसने शादी की बात की तो उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर जांच की जा रही थी। पुलिस द्वारा मामले में चांदो के ग्राम इदरीकला निवासी 29 वर्षीय कादिर अंसारी आ. दिल मोहम्मद अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को भादवि की धारा 376 (2) (ढ) 450, 323 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### खोपा बाजार से लौट रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**बिश्रामपुर।** पैदल साप्ताहिक बाजार से वापस घर लौट रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई है। करंजी पुलिस ने बताया कि भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसकेला निवासी 50 वर्षीय रतन राम पिता स्व.कुंदन शनिवार की शाम घर से पैदल ही खोपा साप्ताहिक बाजार आया था। बाजार से वापस घर लौटने के दौरान मुख्य मार्ग पर पहुंचने पर अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्रामीण को जबरदस्त टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश

# गांव की चौपाल में मंत्री राजवाड़े बैठीं जमीन पर, सुनी समस्याएं



आवेदन का अवलोकन करती मंत्री राजवाड़े।



महिलाओं से रूबरू होकर समस्या सुनती मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांवों का विकास ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है, इस मूलमंत्र को चरितार्थ करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने रविवार को जिले के ग्रामीण अंचलों का भ्रमण किया। गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत उन्होंने ग्राम रैसरा, खड़ौली, जांज, रैसरी व चेंद्रा जैसे दूरस्थ पंचायतों में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया। भीषण गर्मी में भी जमीन पर बैठकर मंत्री राजवाड़े ने जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की पीड़ा को प्रत्यक्ष सुना और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कहीं चबूतरे पर, तो कहीं स्कूल मैदान में – हर जगह उनकी उपस्थिति ने जनता को भरोसे और राहत का अहसास कराया।

**खास बात**

- कई समस्याओं का मौके पर किया गया निराकरण

रैसरा पंचायत से शुरू हुई इस जन संवाद यात्रा में खड़ौली के माध्यमिक शाला परिसर और जांज के स्कूल मैदान में सजी जन चौपालें जनभावनाओं की सजीव अभिव्यक्ति बनीं। पेयजल आपूर्ति की अनियमितता, खराब सड़कों, राजस्व प्रकरणों में विलंब जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। मंत्री ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण हो। उन्होंने खड़ौली मार्ग के निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा करते हुए इसे शीघ्र प्रारंभ करने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बाबूलाल मारापो, जनपद अध्यक्ष इंद्रमणि पैकरा, जनपद सदस्य अनीता पैकरा, गौरी सिंह, दयाराम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे।

### बैंक खोलने की मांग पर दिया आश्वासन

रैसरी पंचायत के बगीचा पारा में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों ने सहकारी बैंक शाखा खोलने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि बैंकिंग सेवाओं के लिए उन्हें बिश्रामपुर तक जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। जिस पर मंत्री राजवाड़े ने मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को अध्ययन कर आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को वित्तीय सेवा उनके गांव में उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### सरल, सहज व सशक्त नेतृत्व की झलक

गांव की मिट्टी में रचने-बसने वाली मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की जनसंपर्क शैली ने ग्रामीणों का दिल जीत लिया। न कोई मंच न औपचारिकता सीधे जमीन पर बैठकर लोगों की बात सुनी और संवेदनशीलता से समाधान का मार्ग खोला। उनके साथ पहुंचे अधिकारियों ने मौके पर ही कई शिकायतों का निराकरण करना शुरू कर दिया।

### गांव-बस्ती में सजी चौपालें

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सुबह निवास पर पहुंचे लोगों की समस्याओं व मांगों को सुनने के बाद सीधे क्षेत्र के गांव-गांव की गलियों में नजर आईं। कहीं बगीचे के किनारे चबूतरे पर बैठीं, तो कहीं स्कूल प्रांगण में ग्रामीणों की भीड़ के बीच जमीन पर कोई मंच नहीं, कोई विशेष व्यवस्था नहीं, सिर्फ लोगों के बीच रहकर उनकी पीड़ा और जरूरतों को आंखों में देखकर सुना।

#### जनप्रतिनिधि होना जिम्मेदारी है

चौपाल में मंत्री राजवाड़े का एक ही संदेश था कि मैं विधायक या मंत्री बनकर नहीं, आपकी बेटी, बहन और प्रतिनिधि बनकर आई हूं। आपकी हर समस्या मेरी जिम्मेदारी है।

#### हर गांव में उमड़ा जनसैलाब

जहां-जहां मंत्री पहुंचीं वहां ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वर्षों से उपेक्षित महसूस कर रहे लोगों को जब मंत्री स्वयं उनकी बस्ती में आकर सुनने लगीं तो उन्होंने खुलकर अपने दुख-दर्द साझा किए। महिलाएं, किसान, बुजुर्ग सहित हर वर्ग की आवाज़ को मंत्री ने गंभीरता से सुना।



# सुशासन की स्थापना को लेकर सरकार लगातार प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार के संबंध में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने सुशासन तिहार के उद्देश्य और क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। पत्रकार वार्ता में कलेक्टर द्वारा तृतीय चरण 05 से 31 मई समाधान शिविर के माध्यम से आमजन को ज्यादा से ज्यादा जनहितकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी मुहैया कराए जाने की बात कही।

- कलेक्टर ने सुशासन तिहार के संबंध में ली पत्रकार-वार्ता

उन्होने बताया कि जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत कुल 83 हजार 465 आवेदन प्राप्त हुए हैं। दूसरे चरण में संबंधित विभागों द्वारा लगभग 1 माह इन आवेदनों का निराकरण किया गया है। कल से शुरू होने वाले तीसरे चरण में समाधान शिविरों के माध्यम से आवेदकों को उनके आवेदनों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 61 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत नगरीय निकायों में 27 और सभी विकासखंड के जनपद पंचायतों में 34 शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### शराब के नशे में महिला ने पी ली कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत महिला ने कीटनाशक पी ली। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम लिब्रा निवासी विजय कुमारी केरकेट्टा पति राम प्रसाद केरकेट्टा (50 वर्ष) शराब पीने की आदी थी। गत दिन दोपहर में गांव में घूमने गई थी इस दौरान महिला ने शराब पीने के पश्चात कीटनाशक पी ली। दोपहर को घर पहुंची ओर उल्टी करने लगी। इधर उल्टी करने पर कीटनाशक का गंध आने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## महापौर ने किया शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर में बनने वाले प्रमुख पांच प्रवेश मार्गों का रविवार को महापौर ने निरीक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों को क्षति पहुचाए बिना ही सड़कों का चौडीकरण करने और सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए।

बता दें कि शासन द्वारा शहर के पांच प्रवेश मार्गों के चौडीकरण और निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें रायगढ़ रोड, मनेन्द्रगढ़ रोड, रामानुजगंज रोड, बिलासपुर रोड, बनारस रोड शामिल है। इन सड़कों का चौडीकरण कर फोर लेन सड़कों का निर्माण करने के साथ ही सुव्यवस्थित लाईट, डिवाईडर व पौधरोपण का कार्य किया जाना है। रविवार को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, ननि लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह, जल प्रभारी जितेन्द्र सोनी के साथ ही एनएच, लोनिवि, ननि के अधिकारियों के साथ सभी प्रस्तावित मार्गो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ननि, लोनिवि और एनएच के अधिकारियों से स्थल निरीक्षण के दौरान पांचों रोड के डीपीआर और सड़क चौड़ीकरण के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसी भी आम नागरिक को क्षति पहुंचाए बगैर सभी के साथ सहयोगात्मक कार्य करने के निर्देश दिए।

## डीएवी स्कूल में तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नगर डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। कार्यशाला में सूरजपुर क्लस्टर एवं जोन बी अंतर्गत आने वाले 12 डीएवी विद्यालयों के 76 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के शैक्षणिक कौशल, कक्षा प्रबंधन तकनीकों, विषयगत समझ एवं नवाचार आधारित शिक्षण विधियों को सुदृढ़ बनाना था।हिंदी, गणित, विज्ञान और प्रारंभिक शिक्षा के अलग-अलग सत्रों में विशेषज्ञों ने गहन प्रशिक्षण दिया।

- 12 विद्यालयों के 76 शिक्षकों ने सहभागिता कर तकनीकी, शैक्षणिक कौशल व शिक्षण विधियों को सुदृढ़ बनाने दिया प्रशिक्षण

कार्यशाला की रूपरेखा डीएवी संस्थान छत्तीसगढ़ जोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार और विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक के नेतृत्व में बनाई गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह रहे।उन्होंने कार्यशाला को ज्ञान और आत्मविश्लेषण का मंच बताते हुए शिक्षकों को दृढ़ इच्छाशक्ति और विषय के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।गणित, विज्ञान, हिंदी और ईईडीपी के समन्वयकों क्रमशः एसके पांडेय, एएम चौबे,विधु शर्मा व अन्य विशेषज्ञों ने बताया कि यह कार्यशाला शिक्षकों को अपनी सीमाओं से बाहर सोचने और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस मंच ने उन्हें शिक्षण प्रक्रिया को अधिक व्यावहारिक और छात्र केंद्रित बनाने की दृष्टि दी।समापन समारोह में मुख्य अतिथि व विशेषज्ञों को प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया एवं प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापिका विजया पॉल ने किया और आभार प्रदर्शन एएम चौबे द्वारा किया गया। कार्यशाला को संपन्न कराने में विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

# जिले में आंधी-तूफान से बाधित विद्युत आपूर्ति बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

विगत दिवस आई तेज आंधी, बारिश से जिले में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर विद्युत विभाग की टीमों ने राहत और मरम्मत कार्य शुरू किया और रात भर कड़ी शक्कत के बाद 90 प्रतिशत बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। गौरतलब है कि सुशासन तिहार के दौरान जनता की सभी समस्याओं का त्वरित निदान किया जा रहा है। इसी क्रम में त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग की टीमों ने तुरंत राहत और मरम्मत कार्य शुरू किया।

- विभाग के कर्मचारियों ने रातभर किया मरम्मत कार्य



सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य 33 केव्ही सिलफिली फीडर की मरम्मत रही, जहां 13 पिन इंसुलेटर, 1 डिस्क और टूटे तार को खेत-खलिहानों और जंगल के रास्तों से गुजरते हुए बदलकर सप्लाई चालू की गई।इसके अलावा 33 केव्ही रामानुजनगर केतका टैपिंग की सप्लाई शाम 6.33 बजे, सलका उमेश्वरपुर प्रेम नगर की सप्लाई शाम 6.36 बजे, भटगांव लाइन की सप्लाई शाम 6.31 बजे और भैयाथान ओड़गी की सप्लाई रात 12. 4 बजे बहाल की गई।

कुछ उपकेंद्रों की सप्लाई बैकफीड से रात 10.38 बजे तक पुनः चालू कर दी गई। 33 केव्ही लखनपुर फीडर में 9 पिन इंसुलेटर बदलकर रात में बहाल की गई, जबकि 33 केव्ही. नयनपुर की सप्लाई शाम 6 बजे ही बैकफीड से चालू कर दी गई थी। इस दौरान 11 केव्ही और एलटी लाइन के कुल 19 पोल क्षतिग्रस्त होने की जानकारी रात 2 बजे तक मिल चुकी थी। शेष नुकसान की जानकारी लाइन पेट्रोलिंग के बाद सामने आने की संभावना है। विभाग द्वारा इन सभी स्थानों पर भी शीघ्र सुधार कार्य कर सप्लाई बहाल करने का प्रयास जारी है। निर्बाध विद्युत व्यवस्था को लेकर कलेक्टर द्वारा बिजली विभाग के अभियंता व अन्य संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए है कि बिजली व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग और ट्रांसफार्मर का नियमित मेंटेनेंस किया जाए।



## अवैध 10 क्विंटल कोयला जब्त कुदरगढ़ पुलिस की कार्रवाई

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के दिए गए सख्त निर्देश पर गत दिन क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी कुदरगढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कुर्री कुरोतरी नाला के किनारे चोरी का कोयला लावारिश हालत में डम्प किया गया है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां 10 हजार कीमत के करीब 10 क्विंटल अवैध कोयला डम्प पाया गया। पुलिस ने कोयला को जब्त कर अज्ञात के विरूद्ध धारा 106 के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी कुदरगढ़ गुड्डु कुशवाहा, प्रधान आरक्षक कपिल सिंह, आरक्षक रामप्रसाद सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, सैनिक सुरेश व लव गुप्ता सक्रिय रहे।

4 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 5/4/2025 9:35 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में भर्ती हेतु मेरिट सूची जारी

**बलरामपुर।** जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिये चयन परीक्षा 2 मार्च को आयोजित की गयी थी। उक्त परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों के प्राप्तांक का मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है। प्रवेश हेतु वर्तमान में रिक्त सीट (180 बालक+180 बालिका) की पूर्ति हेतु काउंसलिंग 7 से 10 मई तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भेलवाडीह में आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को काउंसलिंग में 5वीं उत्तीर्ण अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संस्था चयन विकल्प फार्म, जन्म प्रमाण पत्र, चिकित्सा प्रमाण पत्र एवं सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### सेवानिवृत्ति पर प्रधान पाठक को दी गई विदाई



**रामानुजगंज।** 15 जुलाई 1983 को 19 वर्ष की उम्र में सरगुजा जिले के दूरस्थ विकासखंड भरतपुर जनकपुर के ग्राम खमरोद में सहायक शिक्षक के रूप में 22 किलोमीटर पैदल चलकर पदभार ग्रहण किया था। जब पद भार ग्रहण करने गया था तो मैं अकेला था लेकिन आज खुशी है कि बड़ी संख्या में लोग मेरे सेवानिवृत्ति के अवसर उपस्थित है उक्त बातें ग्राम देवीगंज के माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक ने विदाई समारोह के दौरान कही। इस दौरान अन्य वक्ताओं द्वारा वेद प्रकाश केसरी के कर्मठता निष्ठा की मुक्त कांटो से प्रशंसा की। वेद प्रकाश केसरी के सेवानिवृत्त होने पर संकुल द्वारा विदाई समारोह का आयोजन वन वाटिका में आयोजित किया गया था। ग्राम केवड़ाशीला में पदस्थ प्रधान पाठक विपिन पाठक ने कहा कि वेद प्रकाश केशरी के साथ में 1992 से नौकरी कर रहा हूं पढ़ाई के प्रति इनका शुरू से समर्पण रहा है जो हम सबको प्रेरणा प्रदान करते रहा है। प्रधान पाठक एमडी पांडे ने कहा कि वेद प्रकाश केशरी विकासखंड के उत्कृष्ट शिक्षकों में एक है जो आदर्श शिक्षक के रूप में हमेशा कार्य किए हैं उनके कार्यों की जितनी सराहना की जाए वह कम है। इस दौरान लालमन प्रसाद सोनी, लाल बिहारी चौबे, सूर्य प्रताप कुशवाहा, शिवकुमार यादव, विनीत गुप्ता, राज वैभव सिंह, प्रहलाद सोनी, सिमी गुप्ता, नीमा केसरी, नयन केशरी, नंदनी भारद्वाज, मंटू ठाकुर, विक्रांत ठाकुर, अनु रवानी, सुषमा ठाकुर, अर्जुन यादव, धीरज बर्मन, रवि भूषण मेहता, अभिषेक मेहता, अजीत गुप्ता, सत्य व्रत सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

### तेज आंधी से बाइक समेत सड़क किनारे गिरा युवक, गई जान

**अम्बिकापुर।** चाचा के यहां शादी में पत्नी व मां को छोड़कर घर लौट रहा युवक तेज आंधी से रास्ते में अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम लदकुड निवासी मुकेश नगेसिया आ. मोहन साय (25 वर्ष) पिछले माह 29 अप्रैल को जशपुर क्षेत्र के ग्राम दमगरी निवासी चाचा की लड़की की शादी होने पर पत्नी प्रमिला व मां बुद्धेश्वरी को बाइक से पहुंचाने गया था। मां व पत्नी को चाचा के यहां छोड़कर अकेले बाइक से घर आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम जाकरिम के समीप पहुंचा तभी तेज आंधी आने से अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया जिससे शरीर में अंदरूनी चोट लगने से घायल हो गया। युवक किसी तरह घर पहुंचा और घटना की जानकारी परिजन को दी। 2 अप्रैल को दर्द बढ़ जाने पर परिजन ने उसे राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर अंबिकापुर रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई।

49 हाथियों का दल लौटा कोरबा जंगल

# जंगल जलने की लगातार घटनाओं के बाद आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच रहे हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- वन अमले की बढ़ी चुनौती, वापस लौट सकते है हाथियों के अन्य दल

लंबे समय तक जंगल एवं दूसरे जिलों को अपना रहवास क्षेत्र बनाने वाले हाथी अब वापस लौट रहे हैं। हाथियों के वापस लौटने से विभाग की चुनौतियां बढ़ गई हैं वहीं जंगल किनारे निवासरत ग्रामीणों के लिए खतरनाक स्थिति निर्मित हो रही है। ऐसे में सूचना तंत्र को विकसित नहीं किया गया तो गंभीर दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है।

हाथियों की मौजूदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले सरगुजा में हाथियों की संख्या कम होने के कारण काफी राहत थी। हाथी लम्बे समय से एलिफेंट रिजर्व को अपना रहवास बनाए थे वहीं हाथियों के अनेक दल पड़ोसी जिलों में भ्रमण कर रहे थे। वनों में लगातार आग लगने की घटनाओं एवं गर्मी में चारा-पानी की समस्या होने पर हाथी वापस अब आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच रहे है। पूर्व में अलग-अलग क्षेत्रों में अकेले घूम रहे दंतैलों की निगरानी में ही वन अमले को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही थी। अब हाथी बड़े दलों की धमक से वन अमले के समक्ष लोगों की सुरक्षा एवं हाथियों की नियमित निगरानी करने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। प्रतापपुर के जंगलों में अधिकांश समय गुजारने वाला 39 हाथियों का दल लम्बे समय से कोरबा जिले में भ्रमण कर रहा था। दो दिन पहले ही दल सीमावर्ती जंगल के रास्ते वापस उदयपुर जंगल में लौटा था। एक साथ 49 हाथियों के उदयपुर जंगल में दाखिल होने से लोगों में हड़कंप मच गया था। गनीमत रही कि हाथी स्थिति को भांप तीसरे ही दिन वापस कोरबा जंगल की ओर लौट गए। हालांकि जानकारों का कहना है कि यह दल लम्बे समय तक किसी भी इलाके में नहीं टिकता। कोरबा के जंगलों में लम्बा समय गुजारने के बाद हाथी कभी भी अपने पारम्परिक मार्ग से वापस लौट सकते हैं। पिछले तीन सालों से हाथियों के दल तमोर पिंगला अभ्यारण्य स्थित एलिफेंट रिजर्व में अधिक समय गुजार रहे हैं। एलिफेंट रिजर्व का प्राकृतिक रहवास एवं पर्याप्त चारा-पानी की उपलब्धता हाथियों को पसंद आ रहा है।

हाथियों के एलिफेंट रिजर्व में रहने से जनहानि एवं फसल व संपत्ति हानि की घटनाओं में काफी कमी आई है लेकिन जंगल में लगातार आग लगने एवं चारा-पानी की कमी होने के बाद हाथी अब आबादी क्षेत्र के निकट लौट रहे हैं। प्रतापपुर में हाल ही में एलिफेंट रिजर्व से 22 हाथियों के पहुंचने से विभाग की चुनौतियां बढ़ गई है।



जंगल में भ्रमण करते हाथियों का दल।

**की जा रही निगरानी**

हाथियों की नियमित निगरानी की जा रही है। वन अमले को 2-2 घंटे पर हाथियों के मौजूदगी की सूचना देने के निर्देश दिए गए है। प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को नियमित मुनादी करा सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

-आशुतोष भगत
उपवन मण्डलाधिकारी, प्रतापपुर

### एलिफेंट रिजर्व में थे 35 हाथी

एलिफेंट रिजर्व में पूर्व में 60 से अधिक हाथियों के अलग-अलग दल भ्रमण कर रहे थे। कुछ दलों के पड़ोसी जिलों में जाने से हाथियों की संख्या घटकर 35 पहुंच गई थी। लगातार जंगल जलने की घटनाओं के बाद कुछ हाथी गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व की ओर चले गए हैं जबकि 22 हाथी प्रतापपुर जंगल स्थित अपने पुराने रहवास क्षेत्र में पहुंच गए हैं। एलिफेंट रिजर्व में मात्र 17 हाथी बचे हैं। हाथियों के आबादी क्षेत्र के निकट पहुंचने से क्षेत्रवासी भयभीत है। प्रतापपुर जंगल के अलग-अलग हिस्सों में 5 लोनर हाथी भ्रमण कर रहे हैं। प्रतापपुर में सालो भर हाथियों की मौजूदगी रहती है। क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में गन्ने की खेती होने के कारण हाथी क्षेत्र को छोड़ना नहीं चाहते। हाथियों की तबाही को रोकने पूर्व में विशेषज्ञों ने क्षेत्रवासियों को फसल चक्र में बदलाव करने की सलाह दी थी लेकिन अधिक आय होने के कारण किसान गन्ने की खेतो को नहीं छोड़ना चाहते। पसंदीदा चारा उपलब्ध होने के कारण प्रतापपुर में सालो भर हाथी मौजूद रहते हैं।

### आज से शुरू होगा तेंदूपत्ता संग्रहण

अब महुआ की फसल समाप्ति की ओर है। महुआ संग्रहण के लिए ग्रामीण भोर होते ही जंगलों में पहुंच जाते हैं तथा हाथियों से सामना होने के कारण जनहानि की घटनाएं होती है। सोमवार से तेंदूपत्ता संग्रहण प्रारम्भ होगा। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए भी ग्रामीण भोर में जंगल में पहुंचते है। ऐसे में आगे भी ग्रामीणों का सामना हाथियों से होने का खतरा बना रहेगा। हाथियों से सुरक्षा के लिए वन अधिकारियों को विशेष उपाय करने की जरूरत पड़ेगी। वर्तमान में बलरामपुर वन मण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर में 1, राजपुर 2, प्रतापपुर में 27, सूरजपुर में 5, सीतापुर में 2, मैनपाट में 11 एवं एलिफेंट रिजर्व में 17 हाथी भ्रमण कर रहे हैं।



## पिकअप में हो रही थी मवेशियों की तस्करी, पुलिस ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- भागने के दौरान पिकअप को मारी टक्कर, चालक फरार

पशु तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने बीती रात तस्कर के चंगुल से छह रास बैल को छुडाया है। कार्रवाई के दौरान भागने के दौरान पिकअप वाहन चालक सड़क किनारे एक अन्य पिकअप को टक्कर मार दिया जबकि रात एक अंधेरे का फायदा उठाकर चालक फरार हो गया। पुलिस द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि 3 मई की रात थाना प्रभारी भापेंद्र साहू को मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम सिलफिली से पिकअप वाहन में मवेशियों को भरकर झारखंड के बूचड़ खाना ले जा रहे है। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा घेराबंदी की गई। इस बीच रात लगभग 3 बजे प्रतापपुर समरसोत की तरफ से एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 03 एएच 4225 आता हुआ नजर आया। जब पुलिस ने पिकअप को रोकने का प्रयास किया तो चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास किया इस बीच तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पिकअप से टकरा गया। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल के रास्ते भाग निकला। इस दौरान पुलिस ने जब वाहन की तलाश की तो उसमें 6 रास बैल की तस्करी की जा रही थी। पुलिस द्वारा मवेशियों को बरामद करने के साथ ही पिकअप चालक के खिलाफ धारा 4, 6,10 छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं 15(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है और आरोपी की तलाश जारी है।

## नौकरी लगाने का झांसा देकर दो सगे भाइयों से ठगे पौने दो लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



जयनगर थाना के आमगांव क्षेत्र में रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर दो सगे भाइयों से 1 लाख 68 हजार 600 रुपए की ठगी कर ली गई है, आरोपी ग्राम ठाकुरपुर का निवासी बताया गया है।दोनों पीड़ति भाइयों ने काफी इंतजार के बाद नौकरी नहीं मिलने एवं अपने साथ धोखाधड़ी का एहसास होने पर पुलिस की शरण ली, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है।गौरतलब है कि ग्राम आमगांव निवासी रामनयन के दोनों पुत्र बाबूलाल व बालरूप ने सरकारी नौकरी पाने की उम्मीद में ग्राम ठाकुरपुर निवासी अज्जू सिंह पिता बुढन के संपर्क में आए, जो खुद को रेलवे विभाग से जुड़े सुदामा दास नामक लिपिक से खुद का गहरा परिचय होना बताया एवं दोनों भाई की रेलवे में नौकरी लगवा देने क़े एवज में चार लाख रुपए में बिचौलिया क़े रूप में सौदा तय किया,इसके बाद आरोपी अज्जू सिंह को पीड़ित भाईयों ने एडवांस राशि के रूप में 2,68,600 रुपए दे दिया, काफी समय गुजर जाने क़े बाद दोनों सगे भाईयों की नौकरी नहीं लगने पर आरोपी द्वारा युपीआई एप व नगदी के रूप में सत्तर हजार रुपए वापस कर शेष राशि को धीरे धीरे वापस करने की बात कही लेकिन बाद में आरोपी द्वारा दोनों पीड़ितों से अभद्र व्यवहार करते हुए राशि वापस करने से मना कर दिया गया।इस पर रविवार को ठगी के शिकार हुए दोनों सगे भाईयों ने जयनगर थाना पहुंचकर मामले में अपराध दर्ज करा दिया है।मामले में आरोपी द्वारा रेलवे विभाग में चार पद में से दो पदों पर दोनों भाईयों की नियुक्ति कराए जाने का झांसा दिया गया है। पुलिस को शक है कि आरोपी किसी बड़े फर्जीवाड़े रैकेट का हिस्सा हो सकता है,जो युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करता है। मामले की तह तक जाने के लिए साइबर सेल की मदद भी ली जा रही है।

## शादी में शामिल होने गए व्यक्ति की हत्या के मामले में चचेरा भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



शादी समारोह में शामिल होने गए व्यक्ति की हत्या के मामले में चंदौरा पुलिस ने आरोपी चचेरे भाई को गिरफ्तार किया है। हैरानी की बात चचेरा भाई ने जमीन जगह नहीं बल्कि खाने पीने के दौरान सामान खत्म हो जाने से हुए विवाद पर टांगी से जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम पकनी निवासी लालचंद मरावी ने थाना चंदौरा में 1 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसका छोटा भाई अनिल सिंह 30 अप्रैल को गांव में शादी समारोह में गया था। अगले दिन सुबह गांव के खेत में मृत हालत में मिला। सिर में चोट के निशान पाए गए थे जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना चंदौरा पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी की तलाश करते हुए शादी समारोह में मृतक को अंतिम बार देखने वालों से बारीकी से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसके चचेरे भाई जगदेव आ. जुठनराम का नाम सामने आया जिस पर पुलिस ने संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ पर उसने बताया कि गांव के शादी घर में अनिल सिंह मिला जहां दोनों पास के खेत में जाकर खाए-पीए। इस दौरान खाने-पीने का सामान खत्म होने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। तब वापस शादी घर आकर वहां से टांगी लेकर खेत में गया और अनिल के सिर में प्राणघातक हमला कर हत्या कर दिया। पुलिस ने आरोपी जगदेव आ. जुठनराम (40 वर्ष) के निशानदेही पर टांगी को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी चंदौरा प्रदीप सिदार, एएसआई सुनील भारती, प्रधान आरक्षक शैलेश सिंह, प्रमोद लकड़ा, आरक्षक रविन्द्र जायसवाल, शेखर मानिकपुरी व सैनिक ज्वाला प्रसाद सक्रिय रहे।

### आटो की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम मधुवन टोली निवासी सिकन्दर राम आ. स्व. कृष्णा राम (26 वर्ष) गत दिन गांव के ही बोलेराम के साथ बाइक से नारायणपुर जाने के लिए निकला था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम घोलेण्ड मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी शौच के लिए रूके। युवक सड़क किनारे बाइक खड़ी कर शौच करने जाने लगा तभी सामने से आ रहे ऑटो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख बोलेराम ने घायल के परिजन को जानकारी दी। परिजन घायल को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज तड़के उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने लगाई फांसी, पति गिरफ्तार

- मर्ग जांच के बाद पुलिस ने की कार्रवाई



**अंबिकापुर।** महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। उदयपुर पुलिस के अनुसार सूरजपुर जिले के प्रेमनगर के सलका उमेश्वरपुर अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी जानकी सिंह आ. एतवार साय को सुखरी भंडार निवासी सुमार साय अपनी पत्नी के रूप में रखा था। इस बीच 22 जनवरी को महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस द्वारा पिता एतवार साय द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी सुमार साय द्वारा आए दिन मृतिका जानकी सिंह के साथ लड़ाई झगड़ा करने के साथ ही उसे प्रताड़ति किया जा रहा था और प्रताड़ना से तंग आकर ही युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। मर्ग जांच में प्रताड़ना से तंग आकर महिला द्वारा फांसी लगाए जाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस द्वारा आरोपी उदयपुर के सुखरी भंडार निवासी 33 वर्षीय सुमार साय उर्फ सोमार आ. शिवरतन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 108 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर कुमारी चंद्राकर, आरक्षक देवेंद्र सिंह, संजय नागेश सक्रिय रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## कुंजनगर स्थित विशाल आम पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली, लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सूरजपुर से दमकलकर्मियों की प्रशिक्षित टीम ने मौके पर पहुंचकर बुझाई आग



शनिवार की शाम को तेज गर्जना के साथ आसमान से गिरी बिजली ने कुंजनगर गांव स्थित देवगुड़ी के पास एक विशाल आम पेड़ को चपेट में ले लिया जिससे पेड़ में आग लग गई।

गौरतलब है कि शनिवार की शाम करीब 7.18 बजे जैसे ही आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी, आग की विकराल लपटें चारों ओर फैलने लगीं जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन केंद्र सूरजपुर की टीम आग की गंभीरता को भांपते हुए तत्काल दमकल वाहन सीजी 02 एयू 1524 के साथ एक प्रशिक्षित टीम मौके के लिए रवाना की गई।दमकलकर्मी घटनास्थल पर देर शाम पहुंच गए और बिना किसी देरी के आग पर काबू पाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। घने अंधेरे व लगातार उड़ती चिंगारियों और आग की लपटों के बीच दमकलकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए आग को पूरी तरह बुझाया।घटना के दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, और न ही आस-पास की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है।इसी तरह तेज गति की हवा से जयनगर साप्ताहिक बाजार के समीप संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में भी एक विशालकाय पेड़ धराशाई हो गया है। शनिवार की दोपहर पश्चात मौसम के रुख बदलने से कई पेड़ धराशाई हो गए हैं।

## मां काली को बिग डेविल बताने वाला प्राध्यापक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



हिंदुओं की आराध्य देवी मां काली को बिग डेविल बताने वाले सहायक प्राध्यापक एचडी महार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छात्र एवं हिंदू संगठनों के भारी विरोध के बाद गांधीनगर पुलिस ने शनिवार को सहायक प्राध्यापक एचडी महार को गिरफ्तार किया।

संभाग के सबसे बड़े राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक एचडी महार ने 2-3 दिन पूर्व कॉलेज के वाट्सएप ग्रुप में हिन्दुओं की आराध्य देवी काली पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी तथा देवी काली को बिग डेविल बताया था। इसकी जानकारी मिलने पर छात्र एवं हिंदू संगठनों ने व्यापक विरोध किया था तथा हिंदुओं की आराध्य देवी काली पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले सहायक प्राध्यापक को गिरफ्तार करने की मांग की थी। मामले में हिंदू संगठनों ने गांधी नगर थाने में एचडी महार के विरूद्ध रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। आरोपी सहायक प्राध्यापक ने सोशल मीडिया पर मामले को लेकर माफी भी मांगी थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांधी नगर पुलिस ने शनिवार को आरोपी सहायक प्राध्यापक को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411